# STLL Sindhu Trade Links Limited

Regd. Office : 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Ref. No. STLL/BSE/2021-22/42

Dated 23/11/2021

To

The Manager (Listing),
**B.S.E. Ltd.**
Floor 25, P.J Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**Sub: Sindhu Trade Links Limited**
**Scrip Code: 532029**
**Publication of Advance Notice under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Sir,

In compliance with regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby enclosing copies of newspaper Hari Bhoomi (Hindi) & Financial Express (English) for advance notice of the Board Meeting.

Please take the same on your record for the Company.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **Sindhu Trade Links Limited**

SINDHU TRADE LINKS LIMITED

(Company Secretary)
Company Secretary/Compliance Officer

Corporate office : 701, 7th Floor, Signature Tower, Sector-30,Gurugram, Haryana-122003
Telephone: 0124-6913083, E-mail: corporatecompliance@sindhutrade.com
Website: www.sindhutrade.com, CIN No. : L63020DL1992PLC121695




# पत्नी को गिफ्ट में 'ताजमहल': पति ने ताजमहल जैसा 4 बेडरूम का घर बनवाया; हॉल, किचन, लाइब्रेरी, मेडिटेशन रूम सब मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

यहां के स्कूल संचालक आनंद प्रकाश चौकसे ने अपना घर बिल्कुल ताजमहल की तरह बनवाया है। 3 साल में बनकर तैयार हुए 4 बेडरूम वाले इस घर को चौकसे ने अपने पत्नी मंजूषा को तोहफे में दिया है। इसमें एक बड़ा हॉल, 2 बेडरूम नीचे और 2 बेडरूम ऊपर हैं। वहीं किचन, लाइब्रेरी और मेडिटेशन रूम भी हैं। इस घर को इंडियन कंस्ट्रक्टिंग अल्ट्राटेक आउट स्टैंडिंग स्ट्रक्चर ऑफ मध्यप्रदेश का अवॉर्ड मिल चुका है। आनंद ने सिर्फ घर का बाहरी डिजाइन ही शाही नहीं बनवाया है, बल्कि घर के इंटीरियर को भी रॉयल लुक दिया गया है।





**इंजीनियरों ने चैलेंज के तौर पर लिया:** इंजीनियरों ने इंटरनेट के जरिए ताजमहल की 3 डी इमेज निकाली। फिर इसे बनाना शुरू किया। 3 साल में घर बनकर तैयार हुआ। असली ताजमहल की तुलना में यह घर एक तिहाई क्षेत्रफल में फैला है। इंजीनियर प्रवीण चौकसे के मुताबिक, इस घर का क्षेत्रफल मीनार सहित 90 बाय 90 का है। बेसिक स्ट्रक्चर 60 बाय 60 का है। गुंबद 29 फीट ऊंची रखी गई है।

## आगरा जाकर पहले ताजमहल देखा

कंसल्टिंग इंजीनियर प्रवीण चौकसे ने बताया- आनंद ने उन्हें ताजमहल जैसा मकान बनाने को कहा था। यह मुश्किल था। आनंद और उनकी पत्नी ताजमहल देखने आगरा गए थे। लौटने के बाद इंजीनियरों से ताजमहल जैसा ही घर बनाने को कहा। इसके बाद इंजीनियर प्रवीण चौकसे ने भी आगरा जाकर ताजमहल देखा। आनंद ने औरंगाबाद के दौलताबाद में मकबरे को भी देखा था। पहले आनंद ने इंजीनियरों को 80 फीट ऊंचा यूनिक घर बनाने को कहा था, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण उन्होंने ताजमहल जैसा घर बनाने का असाइनमेंट दिया।


**कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा**
**किसान भाईयों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

गन्ना तकनीकी मिशन के तहत कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में गन्ने की सी.ओ. 15023 किस्म को बीज उत्पादन हेतु 4 फिट की दूरी पर सिंगल आंख विधि द्वारा प्रदर्शन प्लाट लगाने हेतु किसानों को foundation/certified बीज खरीदने के लिए अनुदान के रूप में 8000 रुपये प्रति एकड़ की दर से दिए जाएंगे।

उक्त मद में अनुदान लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की वेबसाइट www.agriharyana.gov.in में Agri Scheme Governance link पर अपना आवेदन 30.11.2021 तक कर सकते है। आवेदन करने के लिए संबंधित कृषि विकास अधिकारी (गन्ना)/सहायक गन्ना विकास अधिकारी के कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
कृषि भवन, सैक्टर-21, पंचकुला, टोल फ्री न.- 1800-180-2117
पीआरडीएच-1004/11/33/2022/5787/88/7 दिनांक: 22/11/21


## खबर संक्षेप

### असिस्टेंट प्रोफेसर के घर से 10 लाख की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर इलाके के अमलीडीह इलाके में रहने वाले दुर्ग के वेटनरी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रामचंद्र रामटेके के घर में चोरी हो गई। रविवार को रामटेके परिवार के साथ वीआईपी रोड पर घूमने निकले थे। रात को जब लौटे तो देखा कि अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था, अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था और कपड़े बेड पर बिखरे हुए थे। । 5 लाख कैश और करीब-करीब 5 लाख के जेवर चोरी हो चुके थे।उन्होंने फौरन पुलिस को जानकारी दी। इस मामले में राजेंद्र नगर थाने की टीम ने अब छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को लोकल गिरोह पर शक है।

### 25 लोगों से भरी पिकअप पलटी, 8 गंभीर

**राजनांदगांव।** यहां एक पिकअप पलटने से उसमें सवार 16 लोग घायल हो गए। घायलों में 8 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जोब पुलिस के मुताबिक जगरगुंडरा गांव से 25 लोग रविवार दोपहर सगाई समारोह में शामिल होने महाराष्ट्र के एक गांव जा रहे थे। गांव से कुछ दूर जाते ही एक मोड़ के पास ड्राइवर गाड़ी को संभाल नहीं पाया। तेज गति में अचानक वाहन मोड़ने से वह पलट गया। इससे गाड़ी में सवार कुछ लोग नीचे दब गए।

## सीएम ने कहा-टैगोर ऑडिटोरियम में लगेगी पूर्व सांसद स्व. स्वराज की प्रतिमा

# विदिशा को बनाएंगे आइडियल जिला और एजुकेशन हब : मुख्यमंत्री चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**सीएम चौहान ने किया विदिशा में बन रहे ऑडिटोरियम का निरीक्षण**

**ऑडिटोरियम के शेष निर्माण, विकास कार्यों के लिए साढ़े 3 करोड़ मंजूर**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदिशा को आइडियल जिला और एजुकेशन हब बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने यह बात रविवार को विदिशा में निर्मित हो रहे रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के पार्क में पूर्व केन्द्रीय विदेश मंत्री और विदिशा की पूर्व सांसद स्व. सुषमा स्वराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने स्व. स्वराज की प्रतिमा के चित्र का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने ऑडिटोरियम के शेष निर्माण और विकास कार्यों को पूरा करने के लिए साढ़े 3 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री शिवराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 2 माह की अवधि में ऑडिटोरियम के शेष निर्माण और विकास कार्य पूर्ण करें। उन्होंने सिविल वर्क के साथ इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक कार्य पूर्ण गुणवत्ता से करने और विशेषतः मंच की उत्कृष्ट सजावट के निर्देश भी दिए। विधायक उमाकांत शर्मा, लीना जैन, राजश्री सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी सहित स्थानीय जन-प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।



**अब लगातार जिलों का दौरा करूंगा : सीएम**

सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास और निर्माण कार्यों को गति देने के लिए लगातार जिलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने रविवार को विदिशा में शासकीय कन्या महाविद्यालय में लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन साइंस ब्लाक के कक्षों और कन्या छात्रावास के कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने के लिए निर्माण स्थल पर मटेरियल लैब भी बनाए जाने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट उद्यान में पर्यावरण प्रेमियों के साथ गुलमोहर व हल्दू के पौधे रोपे।

**सीएम ने बाढ़ वाले गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना**

मुख्यमंत्री चौहान ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ बेतवा नदी के तट पर स्थित बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर के विस्तारीकरण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर के समीप निमार्णाधीन ब्रिज के कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।



**रुद्राक्ष का पौधा रोपा**

मुख्यमंत्री चौहान ने शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय के गार्डन परिसर में रूद्राक्ष का पौधा भी रोपा। विधायक उमाकांत शर्मा, लीना जैन, राजश्री सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी सहित अधिकारी मौजूद रहें।

# दोमुंहा सांपों के साथ 4 अरेस्ट:धार से 1 लाख में खरीदकर इंदौर लाए

## 20 लाख में बेचने वाले थे, तंत्र क्रिया में होता है इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

दोमुंहे सांपों के साथ तस्करी के आरोप में इंदौर पुलिस ने 4 लोगों को अरेस्ट किया है। चारों इन सांपों को धार के एक गांव से एक लाख रुपए में खरीदकर लाए थे। 20 लाख रुपए में बेचने की प्लानिंग थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने सभी को धर लिया। टीआई भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम मेडकवास के आगे इनोवेटिव स्कूल के पास से चारों को पकड़ा गया है। आरोपियों के नाम छगनलाल पुत्र हीरालाल तिवडिया निवासी हरनिया खेड़ी (किशनगंज), दिनेश पुत्र छगनलाल डोडियार निवासी ग्राम जानापाव कुटी मानुपर, विनोद पुत्र रामेश्वर मोरोलिया निवासी बजरंग कॉलोनी पीथमपुर (धार) और महेश पुत्र शंकरलाल चौहान निवासी बाछनपुर सागर कुटी (धार) को पकड़ा है।



### जंगली जानवरों की भी कर चुके हैं तस्करी

आरोपियों से दो बाइक और 30 हजार रुपए कैश भी जब्त किया गया। आरोपी पूर्व में भी जंगली जानवरों की तस्करी कर चुके हैं। प दिनेश डोडियार और महेश चौहान पर मानुपर और पीथमपुर इलाके में पहले से अपराध दर्ज हैं। दोनों इलाके के शातिर बदमाश हैं।

### 1 लाख रुपए के करना चाहते थे 20 लाख

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि बड़नगर (धार) इलाके के कुछ गांव में रहने वाले ग्रामीणों से वे दोनों सांपों को 1 लाख में खरीदकर लाए थे। इसका उपयोग तांत्रिक क्रिया के लिए भी किया जाता है। इन्हें बेचकर करीब 20 लाख रुपए कमाना चाह रहे थे।

कोरबा में दिनदहाड़े हमला

# दुकान में ग्राहक बनकर आए बदमाश ने किए हथौड़े से 8 वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सराफा व्यापारी पर बदमाश ने 8 बार हथौड़े से हमला किया और भाग निकला है। इस घटना में व्यापारी को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचा था। उसी बहाने उसने व्यापारी पर हमला किया और हथौड़ी लेकर दुकान से दौड़ता हुआ भाग निकला।

मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के बीचों-बीच स्थित ओवर ब्रिज के पास दर्री रोड निवासी विनोद सोनी (57) लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान चलाते हैं। रोज की तरह सोमवार को भी उन्होंने दुकान खोलकर अंदर बैठे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे से 12.30 बजे के बीच कोई अज्ञात शख्स दुकान में कुछ सामान रिपेयरिंग कराने के बहाने विनोद सोनी के पास पहुंचा था।



### दुकान से कुछ भी लेकर नहीं गया

जैसे ही विनोद ने रिपेयरिंग करना शुरू किया। वैसे ही बदमाश ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर गए। कोरबा सराफा अध्यक्ष जगदीश ने बताया कि अभी यह पता नहीं चल सका कि किसने उन पर हमला किया है। आरोपी दुकान से भी कुछ लेकर नहीं गया है। व्यापारी पर किस वजह से हमला किया गया, यह अभी नहीं पता चल सका है। पीड़ित व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
**CIN:** L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 10th December, 2021 at 03.00 P.M., to consider approve the Stock Split / Sub-Division of Equity Shares and consequent amendment in Clause V of Memorandum of Association of the Company, virtually.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Place: New Delhi — Satya Pal Sindhu
Date: 22.11.2021 — Managing Director



**IndusInd Bank**
43, Bhageria House ,New Friends Colony , New Delhi - 110025

**Sale Notification (Indusind Bank)**

Below mention Vehicle will be auctioned by Indusind Bank and general public are invited to bid latest by 25th November, 2021 for these vehicles. These vehicle will be sold on "as is where is basis

| Vehicle no. | Product Model |
|---|---|
| DL1M7311 | TATA LPT 709 EX2 BS IV |
| DL1LAB8072 | EICHER PRO 10.59 XP 14F H2 |
| HR38V7541 | MAHINDRA BMT MICRO HYBIRD |
| HR73A9242 | BOLERO CAMPER GOLD VX 2WD BS IV |
| NL01Q4287 | TATA LPT 1109H/48 EX2 TRUCK CHASSIS |
| UP16FT6404 | M&M BOLERO BIG PICK-UP FB PS |
| DL1LAC9760 | ASHOK LEYLAND DOST RLX BS IV |
| DL1LAC7057 | MAHINDRA BOLERO MAXI TRUCK PLUS BS-IV |
| UP16GT2827 | FORCE TRAVELER MINIBUS 20+D BSIV |
| UP16GT3627 | SML ISUZU SARTAJ TRUCK |
| UP22AT1049 | TATA LP 712/3400 WB BUS CHASSIS |
| DL1LAA5926 | EICHER PRO 10.59 HSD TRUCK |
| HR38W3251 | LPT 1109 Turbo Truck |
| HR38W1765 | LPT 1109 Turbo Truck |
| HR38V5722 | EICHER PRO 1110XP REF VAN H BSIV |
| HR38V5112 | EICHER PRO 1110XP REF VAN H BSIV |
| HR38U9918 | LPT 1109 Turbo Truck |
| HR38AA0182 | EICHER 11.10 XP 13T GVW TRUCK |
| HR38AA9823 | EICHER 11.10 XP 13T GVW TRUCK |
| DL1MA0351 | TATA LPT 909 BS IV |
| DL1LAE4576 | TATA 709G LPT DCR38 CBC CNG BS VI |
| DL1MA0711 | EICHER 10.95E HSD 14FT 6.50TON TRUCK |
| DL1LAD1302 | BOLERO SC XL PICKUP BS III |
| HR55AB9261 | ASHOK LEYLAND DOST RLX BS IV |
| HR66A8162 | FORCE TRAX CNG 12+D 3050MM BS IV |
| HR55AH3561 | TATA LPT 1512 /42 CRX BS IV |
| HR55AD0197 | FORCE TRAVELLER 17+D PS ABS BS IV |
| UP17AT6723 | EICHER PRO 11.10 XP H HSD BS 4 |
| RJ05GB6829 | EICHER PRO 11.14 XP H HSD |

Contact Person-: Manish Kumar Pandey
Mail id- manishkumar.pandey@indusind.com
Address-43 Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi-110025



**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | QDP NO 1335 NIT NO 1218 DATED 16.08.2021 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 29.11.2021 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 1722583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 2021_HBC_195243_1/ 56/ TSKNL/2021-22 DT 10.11.2021 | निविदा दिनांक 18.11.2021 को खोली जानी थी। न्यूनतम बोलीदाताओं अर्थात 3 अदद बोलीदाताओं के नहीं आने की वजह से अब तिथि 25.11.2021 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 1722583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2022/40/5781/I/88/7 दि. 22.11.21



**☛ महत्वपूर्ण सूचना ☚**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के यात्री डिब्बों के संयोजन में परिवर्तन के साथ संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**विशेष रेलगाड़ियों के यात्री श्रेणियों में परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | वर्तमान यात्री डिब्बे | संशोधित यात्री डिब्बे | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 05127 / 05128 बनारस– नई दिल्ली– बनारस एक्सप्रेस विशेष | द्वितीय श्रेणी दिव्यांग अनुकूल–2, सामान्य–4, शयनयान–11, 2 टियर वाता.–1, 3 टियर वाता.–3, प्रथम वाता.– 1, पैन्ट्री कार–1, कुल डिब्बे= 23 | पावर कार–1, सामान्य–4, शयनयान–5, 3 टियर वाता. इकॉनोमी–2, 3 टियर वाता.–6, 2 टियर वाता.–2, प्रथम वाता. – 1 द्वितीय श्रेणी दिव्यांग अनुकूल–1, कुल डिब्बे= 22 | बनारस दिनांक 21.02.2022 से; नई दिल्ली दिनांक 22.02.2022 से |
| 02559 / 02560 बनारस– नई दिल्ली– बनारस एक्सप्रेस विशेष | पावर कार–1, सामान्य–4, शयनयान–9, 3 टियर वाता.–4, 2 टियर वाता.–1, प्रथम वाता.– 1, पैन्ट्री कार–1, द्वितीय श्रेणी दिव्यांग अनुकूल–1, कुल डिब्बे= 22 | | बनारस दिनांक 21.02.2022 से; नई दिल्ली दिनांक 22.02.2022 से |
| 02581 / 02582 बनारस– नई दिल्ली– बनारस एक्सप्रेस विशेष | पावर कार–1, सामान्य–4, शयनयान–7, 3 टियर वाता.–6, 2 टियर वाता.–2, प्रथम वाता.– 1, द्वितीय श्रेणी दिव्यांग अनुकूल–1, कुल डिब्बे= 22 | | बनारस दिनांक 21.02.2022 से; नई दिल्ली दिनांक 22.02.2022 से |
| 15127 / 15128, 12559 / 12560, 12581 / 12582 | गाड़ी सं. 05127 / 05128, 02559 / 02560, 02581 / 02582 के वर्तमान यात्री डिब्बो के अनुसार | | जब नियमित रेल सेवा पुनः आरंभ होगी |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट: www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें

रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर कोविड-19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2710/2021


महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

# पानी में तली पूड़ियां, सिलेंडर पर बैठकर चलाई बैलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। रविवार को किए गए इस प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने कंडे से चूल्हा जलाकार कढ़ाही में पानी डालकर उसमें पूड़ियां निकाली। इसेक बाद जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने वार्ड-35 शारदापारा में गैस सिलेंडर पर बैठकर बैलगाड़ी चलाई। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक एक कार्यकर्ताओं सिहत बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि केंद्र सरकार महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। आज रसोई गैस और खाद्य तेल इतना महंगा है कि आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रहा है। डीजल पेट्रोल शतक लगा रहे हैं। इसी का विरोध करते हुए उन्होंने कंडे से चूल्हा जलाकार पानी से पुड़ी बनाई। अगर लोगों ने केंद्र की भाजपा सरकार को सबक नहीं सिखाया तो आने वाला समय चूल्हा और पानी से पूड़ियां तलने वाला ही बचेगा।

चंद्राकर ने इस दौरान बैलगाड़ी में गैस सिलेंडर के ऊपर बैठकर गली गली घूमकर विरोध दर्ज कराया। उनकी बैलगाड़ी यात्रा आशादीप कॉलोनी, हनुमान मंदिर, किशन चौक, मराठी मोहल्ला, सोनकर मोहल्ला, गांधी चौक, संतोषी पारा, सांस्कृतिक भवन आदि इलाकों से निकली।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष इंजीनियर सलमान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-1 के अध्यक्ष रामा विश्वकर्मा, जिला महामंत्री समय लाल साहू, अतुलचंद साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसी साहू, तहूर पावर, मोहम्मद अकबर, अयान नवाब, देवेंद्र बघेल, उमाशंकर साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, जी. राजू, अमरेश गिरी, शशिकांत, दुष्यंत सिन्हा, प्रभाकर जन बंधु, नईम बेग, लखनऊ राम बावनकर, धर्मेंद्र, चंद्रमणी, फैयाज, मन्नान गफ्फार खान, सलीम खान, मंगल राम साहू, हसरत भाई, डब्ल्यू यादव, अर्जुन यादव समेत अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।



### अब बस भी करो सरकार : चंद्राकर

जन जागरण यात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि, मोदी सरकार ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। पहले जो सामान 10 रुपए में मिलता था, वो अब 50 रुपए में मिल रहा है। तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। महंगाई को कम करने के लिए मोदी सरकार के पास कोई विजन नहीं है।

